## एक नजर में

### कक्षाओं में प्रवेश के लिए होंगे आवेदन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टीकमगढ़ में कक्षा 2 और आगे की कक्षाओं कक्षा ग्वारह को छोडकर में प्रवेश हेतु रिक्त स्थानों पर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।**

कक्षावार रिक्तियों, आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र डाउनलोड करने के लिए विद्यालय वेबसाइट देखें। पूर्णरूप से भरे आवेदन पत्र संलग्कों के साथ 4 अप्रैल 2026 से 13 अप्रैल 2026 तक विद्यालय में पूर्वाहन 8 बजे से मध्याहन 2 बजे तक जमा किये जा सकते हैं। विद्यालय में कक्षा 2 में 5 सभी श्रेणी के लिये, कक्षा 3 में 4 सभी श्रेणी के लिये, कक्षा 7 में 2 सभी श्रेणी के लिये, कक्षा 10वीं में 19 केवल ए व दो श्रेणी के लिये तथा कक्षा 12वीं साईंस में 12 केवल एक व दो श्रेणी के लिये संभावित रिक्त स्थान हैं।

उपरोक्त रिक्तियों की संख्या घट बढ़ सकती हैं। आवेदन पत्र केवल रिक्तियो से संबंधित कक्षाओ के लिए ही मान्य है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय टीकमगढ़ में कक्षा 2 और आगे की कक्षाओं कक्षा ग्वारह को छोडकर में प्रवेश हेतु रिक्त स्थानों पर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिसकी सभी तैयारियां की जा रही है।

# अधिकारी नहीं करते वॉटर प्लांटों की जांच, लोगों की सेहत से खिलवाड़

**शहर के कई स्थानों से हो रहे मिनरल वॉटर प्लांट संचालित**

**बोतल एवं कैम्परों के माध्यम से बेचा जा रहा अमानक पानी**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में मिनरल वॉटर के नाम पर पानी बेचने का कारोबार चल रहा है। पानी कितना शुद्ध है और इसकी प्रोसेसिंग किस तरह से हो रही है इसकी जांच करने के लिए विभागीय अधिकारियों को फुर्सत नहीं है। कैम्पर और बोतल बंद पानी का कारोबार जिले में मनमाने तरीके से चल रहा है लेकिन अधिकारी पानी की गुणवत्ता तक की जांच नहीं कर रहे हैं। कई स्थानों से सादा पानी भरकर आरओ और मिनरल वाटर के नाम से बेचा जा रहा है। इस फजीवाड़े के जरिए कई मोटी रकम कमा रहे हैं। गर्मी के दिनों में पानी के नाम पर वारे न्यारे हो जाते हैं।**

दरअसल लाइसेंस लेकर पानी का कारोबार करने वालों के अलावा भी कई जगहों पर पानी की पैकिंग के प्लांट खुल गए हैं। खाद्य विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंडों को खुला उल्लंघन करते हुए मनमाने ढंग से पानी का कारोबार कर रहे ये लोग आम जनता के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल रहे हैं। नियम तो यह भी है कि टैंकर से सप्लाई किया जाने वाला पानी भी पहले जांच के दायरे से गुजारा जाएगा, लेकिन यहां तो टैंकर तो छोड़िए कैम्पर और बोतलबंद पानी की जांच भी नहीं की जाती। सूत्रों की माने तो आरओ के नाम पर कच्चा पानी बर्फ में ठंडा करके बेचा जा रहा है। इसी तरह पानी के पाउच और बोतलों का गोरखधंधा भी तेजी से चल रहा है। पानी के कारोबार के लिए कंपनी के रजिस्ट्रेशन और जमीन आदि की व्यवस्था के बाद मिनरल वाटर प्लांट के लिए लाइसेंस लेना होता है। इसके लिए आवेदन करना होता है। अधिकारी मौके पर जांच करते हैं। पानी का नमूना लेते हैं। फिर अनुमति पत्र देते हैं। यह पत्र जिला खाद्य विभाग के यहां देते हुए आवेदन करना होता है। औषधि प्रशासन विभाग भौतिक जांच के बाद प्लांट का लाइसेंस जारी करता है। स्थानीय स्तर पर भी अनुमति लेना पड़ती हैं। चिकित्सकों के अनुसार पानी के यदि गुणवत्ता की सही से जांच नहीं हो रही है और यह दूषित है, तो इस प्रकार का पानी पीने से लोग कई प्रकार की बीमारियों का शिकार हो सकते है। दूषित पानी में अमीबा नामक एक कीटाणू होता है जो आंत में जाकर पेट को खराब कर देता है। यहां पानी पीने से लोगों को पीलिया व टायफाइड भी हो सकता है। साथ ही पाचन क्रिया भी प्रभावित हो सकती है। जानकारी के अनुसार मशीनों से जिस पानी को शुद्ध करके पीने लायक बनाया जाता है उसे आम भाषा में मिनरल वाटर कहते हैं। इस मिनरल वाटर को पैकेजिंग कर मार्केट में बेचा जाता है। यह बिजनेस शुरू करने के लिए पहले एक कंपनी या फर्म बनाई जाती है। कंपनी एक्ट के तहत इसका रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। कंपनी का पैन नंबर और जीएसटी नंबर आदि की भी जरूरत होती है। वाटर प्लांट लगाने के लिए जमीन, बोरिंग, आरओ और चिलर मशीन व कैन आदि रखने के लिए 1000 से 1500 वर्ग फिट जगह होनी चाहिए। पानी के स्टोरेज के लिए टंकियों की भी व्यवस्था हो।

कैम्पर और बोतल बंद पानी का कारोबार जिले में मनमाने तरीके से चल रहा है लेकिन अधिकारी पानी की गुणवत्ता तक की जांच नहीं कर रहे हैं। कई स्थानों से सादा पानी भरकर आरओ और मिनरल वाटर के नाम से बेचा जा रहा है। इस फजीवाड़े के जरिए कई मोटी रकम कमा रहे हैं। गर्मी के दिनों में पानी के नाम पर वारे न्यारे हो जाते हैं।

### विभाग और भारतीय मानक के मापदंड का उल्लंघन

लाइसेंस लेकर पानी का कारोबार करने वालों के अलावा भी कई जगहों पर पानी की पैकिंग के प्लांट खुल गए हैं। खाद्य विभाग और भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंडों को खुला उल्लंघन करते हुए मनमाने ढंग से पानी का कारोबार कर रहे ये लोग आम जनता के स्वास्थ्य को भी खतरे में डाल रहे हैं। नियम तो यह भी है कि टैंकर से सप्लाई किया जाने वाला पानी भी पहले जांच के दायरे से गुजारा जाएगा, लेकिन यहां तो टैंकर तो छोड़िए कैम्पर और बोतलबंद पानी की जांच भी नहीं की जाती। सूत्रों की माने तो आरओ के नाम पर कच्चा पानी बर्फ में ठंडा करके बेचा जा रहा है।

### दाम से अधिक में बेचा जा रहा बोतलों में पानी

शहर में बोतलबंद पानी का कारोबार किया जा रहा है। जिस केन से ठंडे पानी की सप्लाई की जाती है, उसमें संस्था का नाम व आईएसआई सर्टिफाइड होने का मार्का लगा होना चाहिए, लेकिन पानी की सप्लाई करने वाले अधिकांश कारोबारियों की केन में इसका उल्लेख नहीं होता। कारोबारियों द्वारा साधारण तौर पर एक केन में सादा पानी भर कर सप्लाई किया जा रहा हैं। शहर में कई कंपनियों का बोतलबंद पानी बिक रहा है। यहां रेट से अधिक में पानी की बोतल बेची जाती हुई मिलीं। इन बोतलों पर ब्रांडेड कंपनियों के लोगों की कॉपी कर मिलते-जुलते नाम की चिट लगा दी जाती है। बाजार रेट से अधिक कीमत पर विक्रय किया जा रहा है।

## टीकमगढ़ जिले की डायरी

### कुर्सी की उठा-पटक में व्यस्त जनप्रतिनिधि, भ्रष्टाचार पर मौन

इन दिनों शहर की सरकार में चुने गए जनप्रतिनिधि कुर्सी की उठा-पटक में व्यस्त हैं। इसलिए शायद उनका ध्यान नगर में डाली जा रहीं भ्रष्टाचार की सड़कों एवं नालियों की ओर नहीं जा रहा है। नगर की सरकार द्वारा कराई जा रही इन सड़कों की हालत बद से बदतर है। जिन सड़कों की गारंटी 3 साल की होती है, वे मात्र 3 महीने में ही खराब हो रही हैं और उनकी ऊपरी सतह उखड़कर गिट्टी बाहर दिखने लगी है। निर्माण में खुलेआम डस्ट का उपयोग किया जा रहा है। नगर पालिका के कार्यपालन यंत्री सागर में बैठते हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर निर्माण कार्यों की निगरानी नहीं हो पा रही। प्रक्रिया के अनुसार बिल टीकमगढ़ से सागर भेजे जाते हैं, वहीं गुणवत्ता की जांच दिखाई जाती है और वापस आते ही इंजीनियर व सीएमओ द्वारा भुगतान कर दिया जाता है। हालांकि लोगों का मानना है कि जितनी भी सड़कों में भ्रष्टाचार हुआ है वह कहीं न कहीं किसी की सहमति पर किया गया है। शायद इसीलिए इन सड़कों की जांच कराने में अधिकारी डरे-सहमे नजर आ रहे हैं। सबका मानना है कि अगर ऐसा नहीं तो अधिकारी जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही करें। इससे स्पष्ट होगा कि यहां बैठे अधिकारी स्वतंत्र हैं।

### भोपाल तक गूंजे कप्तान की कार्यवाही के चर्चे

भोपाल तक गूंजे कप्तान की कार्यवाही के चर्चे। दरअसल बीते दिनों हुई कई बड़ी चोरियों में खुलासे के लिए कप्तान ने जी जान लगा दी। इसलिए उनकी मेहनत सफल हुई और आखिरकार पुलिस ने लाखों रुपए की चोरियों की वारदात को पिछले सप्ताह खोल दिया। इतना ही नहीं इसमें पुलिस ने एक चोरी में 6 अंतर्राज्यीय चोरों को भी पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। जब इतना हो जाए तो निश्चित ही उस जिले के कप्तान की तारीफ होना भी लाजमी है। शायद इसीलिए कप्तान की कार्यवाही की चर्चा भोपाल के पुलिस मुख्यालय में होने लगी है। बुद्धिजीवी मानते हैं कि साहब की मेहनत के लिए उन्हें बड़ा इनाम मिलना चाहिए।

### ...आखिर में बात गैस सिलेंडर कालाबाजारी की.

...आखिर में बात कर लेते हैं गैस सिलेंडर वितरण प्रणाली में हो रही कालाबाजारी की। नगर में जितनी भी गैस सिलेंडर एजेंसियां है उनके वितरक आज भी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करने में अव्वल हैं। यह सिलेंडर 1500 में बेचने का कार्य कर रहे हैं, जबकि इनके एजेंसियों के मालिक इससे अनभिज्ञ बने हुए हैं।

**आमिर खान, दैनिक नवभारत**

# पलेरा क्षेत्र में दो स्कूलों के बीचों-बीच बांटे जा रहे गैस सिलेंडर



**नवभारत न्यूज पलेरा। क्या प्रशासन किसी बड़े धमाके का इंतजार कर रहा है क्योकि मां गायत्री इंडियन गैस एजेंसी के संचालक की मनमानी और लापरवाही ने आज पूरे रिहायशी इलाके और दो स्कूलों के भविष्य को बारूद के ढेर पर लाकर खड़ा कर दिया है। जहां कानून की धज्जियां उड़ाते हुए दो स्कूलों के ठीक बीच और घनी बस्ती में सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है।**

सैंकड़ों मासूम बच्चे यहाँ पढ़ाई करते हैं, और उनके चंद कदमों की दूरी पर ज्वलनशील गैस के सिलेंडरों का जखीरा लगा है। अगर एक भी सिलेंडर लीक हुआ या छोटी सी चिंगारी भी उठी, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा एजेंसी संचालक की दबंगई नागरिकों की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गैस एजेंसी संचालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। रिहायशी इलाके में सिलेंडरों की लोडिंग-अनलोडिंग से अनहोनी का डर बना रहता है। प्रशासन की चुप्पी पर खड़े हुए बड़े सवाल में हैरानी की बात यह है कि घनी बस्ती और स्कूलों के पास यह खेल सरेआम चल रहा है, लेकिन खाद्य विभाग और प्रशासन ने अब तक आंखें मूंद रखी हैं।

क्या गैस एजेंसी संचालक को कानून का कोई खौफ नहीं है या फिर अधिकारियों की सरपरस्ती में यह अवैध तरीके से वितरण का धंधा फल-फूल रहा है। पलेरा नगर के लोगों ने जिला कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से इस ओर ध्यान देने का आग्रह किया है। लोगो का माना है कि अगर जल्द ही इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो लोगों को विरोध करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## आज होगी संयुक्त कार्यालय में टीएल बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।**

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

# पत्रकार कल्याण परिषद की समन्वय समिति गठित



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। पत्रकारों की समस्याओं और उनके हितों के लिए सदैव संघर्ष किया जाता रहा है, आगे भी किया जाएगा। संगठन को मजबूत बनाने और पत्रकारों की समस्याओं को जानने व उनका निराकरण कराने के लिए ही इन दिनों यह दौरे किए जा रहे हैं। यह बात यहां दौरे पर आए पत्रकार कल्याण परिषद के प्रदेश प्रभारी रामबाबू सिंह परिहार ने व्यक्त किए।**

पत्रकार कल्याण परिषद के प्रदेश प्रभारी रामबाबू सिंह परिहार के पलेरा आगमन पर उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने पत्रकार कल्याण परिषद की प्रदेश समन्वय समिति का गठन करते हुए टीकमगढ़ जिले के अधिमान्य पत्रकार सौरभ खरे को सदस्य नियुक्त किया है। इसी प्रकार आशीष रजक को टीकमगढ़ जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बताया गया है कि इस अवसर पर गौरव वर्मा को पलेरा क्षेत्र का ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने सौरभ खरे, आशीष रजक एवं ब्लाक अध्यक्ष गौरव वर्मा को बधाईयां देते हुए खुशी जाहिर की। बताया गया है कि उन्होंने यहां विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा की।


## समिति ने चंदपुरा में कराई प्याऊ शुरू

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था पुण्यभूमि समाज सेवा समिति खरगापुर के द्वारा सेक्टर कुड़ीला के ग्राम चंदपुरा में जल मंदिर प्याऊ का उद्घाटन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चंदपुरा में प्रारंभ किया गया। प्याऊ उद्घाटन के कार्यक्रम में ग्राम विकास पटेल समिति के अध्यक्ष रवि कुमार तिवारी के द्वारा किया गया।**

समस्त ग्राम वासियों के बीच में मनीष कुमार सोनी के द्वारा जल संरक्षण भूमि पूजन एवं प्याऊ के बारे में ग्राम वासियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्रीमान ललित कुमार शर्मा एवं नामांक और संस्थान के प्रतिनिधि मनीष कुमार सोनी मौजूद रहे।

# रोजाना दिन एवं रात के मौसम में हो रही गिरावट

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले एक सप्ताह से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। शनिवार देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बड़ागांव तहसील में 18 मिलीमीटर और खरगापुर में 11 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।**



मौसम में आए इस बदलाव के कारण तापमान में कमी आई है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस था, जो शनिवार को घटकर 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसी तरह, शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस था, जो शनिवार रात को 20 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।जिले के कुछ हिस्सों में अभी भी गेहूं की फसल की कटाई जारी है। तेज हवा और बारिश के कारण इन फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है। हालांकि, अधिकांश किसानों ने समय रहते अपनी गेहूं की फसल काट ली थी। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। मंगलवार को एक बार फिर बूंदाबांदी हो सकती है। आज सुबह से भी आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की धूप निकली है। आसपास के जिलों में ओलावृष्टि और बारिश के कारण ठंडी हवाएं चल रही हैं। अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 10 अप्रैल तक मौसम में इसी तरह के बदलाव जारी रहने के संकेत हैं। पिछले एक सप्ताह से मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है। शनिवार देर रात तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

# स्कूल चलें हम अभियान में भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजित

**शैक्षणिक सत्र के लिए तीन चरणों में हो रहे आयोजन**

**विद्यार्थियों को किया जा रहा उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलें हम अभियान तीन चरणों में आयोजित किया गया। इसीक्रम में जिले के शासकीय विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




भविष्य से भेंट कार्यक्रम अंतर्गत जिले के 62 अधिकारियों की ड्यूटी विद्यालयों में लगाई गई। अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में पहुँचकर छात्रों के साथ एक कालखण्ड तक सीधा संवाद किया गया। साथ ही विद्यार्थियों से शिक्षा के महत्व पर चर्चा की तथा विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अध्यापन कराया एवं भविष्य में बच्चों को क्या-क्या रोजगार के अवसर मिलेंगे इस संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों का विषय चयन करने, खेती,व्यापार की आधुनिक तकनीकों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें आदि जानकारियां प्रदान की गई।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजनौर, एसडीएम श्रीमती संस्कृति मुदित लिटोरिया द्वारा हायर सेकेंडरी पठा, संयुक्त कलेक्टर शैलेंद्र सिंह द्वारा शा माध्यमिक शाला रानीगंज, एसडीएम बल्देवगढ़ श्रीमती भारती देवी मिश्रा द्वारा सांदीपनि विद्यालय खरगापुर, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे द्वारा सांदीपनि विद्यालय जतारा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अंजली शर्मा द्वारा शासकीय हाई स्कूल सीनियर बेसिक, डिप्टी कलेक्टर सुशील कुमार तोमर द्वारा शासकीय हाई स्कूल खिरिया नाका में उपस्थित रहकर एक-एक कालखंड में अध्यापन कर और भविष्य से भेंट कार्यक्रम में सहभागिता की। मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा विभाग और राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार तथा कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूल चलें हम अभियान तीन चरणों में आयोजित किया गया। इसीक्रम में जिले के शासकीय विद्यालयों में भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## कार्यक्रम ▶ शहर भ्रमण करते हुए पहुंची चादर

# बाबा की दरगाह पर उर्स मुबारक को लेकर पेश की चादर

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में आस्था और सूफियाना रंग का अनोखा संगम देखने को मिलेगा जब हजरत दाता इलाही शाह बाबा का 84वां उर्स मुबारक बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर 6, 7 अप्रैल को भव्य उर्स का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें दो दिवसीय कव्वाली मुकाबले का आयोजन होगा। जिसमें देश के नामी कव्वाल अपनी आवाज़ का जादू बिखेरेंगे। वहीं 5 अप्रैल रविवार को बाबा की दरगाह पर शहर गस्त करते हुए चादर पेश की गई।**



उर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी आमिर खान ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार 4 अप्रैल से हो चुकी है। जहां पहले दिन बाबा की दरगाह का गुस्ल एवं 5 अप्रैल रविवार को बाबा की दरगाह पर शहर गस्त करते हुए चादर पेश की गई। साथ ही आज सोमवार 6 अप्रैल को मशहूर कव्वाल अमन साबरी मुंबई अपनी सूफियाना कव्वालियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। अमन साबरी अपनी दमदार आवाज और पारंपरिक अंदाज़ के लिए जाने जाते हैं, जिनकी प्रस्तुति का इंतजार श्रोता बेसब्री से कर रहे हैं। वहीं अंतिम दिन 7 अप्रैल को कव्वाली का असली मुकाबला देखने को मिलेगा। इस दिन प्रसिद्ध कव्वाल जुनेद सुल्तानी और गुलाम वारिश के बीच जबरदस्त मुकाबला होगा।

दोनों ही कलाकार अपने-अपने अंदाज़ और सूफी रंग के लिए जाने जाते हैं, जिससे यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। उर्स के दौरान दरगाह परिसर को विशेष रूप से सजाया जाएगा और दूर-दूर से आने वाले जायरीन के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। साथ ही सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन और उर्स कमेटी पूरी तरह सतर्क है। यह उर्स मुबारक न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शहर की गंगा-जमुनी तहजीब और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश देता है। हर साल की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। उर्स कमेटी ने सभी श्रद्धालुओं और शहरवासियों से अपील की है कि वे इस पवित्र आयोजन में शामिल होकर सूफियाना माहौल का आनंद लें और कार्यक्रम को सफल बनाएं। पुलिस भी इस कार्यक्रम को लेकर अपनी तैयारी में जुट गई है।

### आज अमन साबरी पेश करेंगे कव्वाली

सोमवार 6 अप्रैल को मशहूर कव्वाल अमन साबरी मुंबई अपनी सूफियाना कव्वालियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। अमन साबरी अपनी दमदार आवाज और पारंपरिक अंदाज़ के लिए जाने जाते हैं, जिनकी प्रस्तुति का इंतजार श्रोता बेसब्री से कर रहे हैं। वहीं अंतिम दिन 7 अप्रैल को कव्वाली का असली मुकाबला देखने को मिलेगा।

## 10 वर्षीय बालक का कुएं में मिला शव

**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोनिका खेरा के बछेड़ू खेरा में एक 10 साल के बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बच्चा कुएं में डूबा मिला। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने बारीकी से जांच शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार भगवान दास लोधी ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि नाती राम सिंह लोधी 10 साल निवासी बछेड़ू खेरा शक्रवार की दोपहर 3 बजे से लापता था। परिजन ने बच्चे की आसपास बहुत तलाश की लेकिन राम सिंह का कुछ पता नहीं चला। बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोनिका खेरा के बछेड़ू खेरा में एक 10 साल के बच्चे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बच्चा कुएं में डूबा मिला। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

# आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत



**नवभारत न्यूज, जतारा। थाना चंदेरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जैवर में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चंदेरा रश्मि जैन ने बताया कि बीती रात लगभग 7 बजे ग्राम जैवर निवासी बिचकू पत्नी चतुर्भुज कुशवाहा उम्र 52 वर्ष अपने खेत में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से वह इसकी चपेट में आ गईं जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही जैवर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।

इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जतारा पीएम हाउस भेजा गया। रविवार को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर समूचे चंदेरा क्षेत्र में शोक की लहर देखने को मिल रही है।